भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 405

उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2024

बीएसएनएल का ठप होना

405. श्री खलीलुर रहमान:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने देश भर में पचहत्तर हजार से अधिक मोबाइल टावर स्थापित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इतनी विशाल अवसंरचना होने के बावजूद बीएसएनएल ठप होने के कगार पर है;

(ग) क्या यह सच है कि निजी दूरसंचार प्रचालकों को इन टावरों का उपयोग करने की अनुमति दी गई है और यदि हां, तो प्रचालकों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या निजी प्रचालक बीएसएनएल को इसके टॉवरों की सेवाएं लेने के लिए फीस का भुगतान कर रहे हैं और यदि हां, तो निजी प्रचालकों को किराए पर दिए जाने के पहले दिन से एकत्र किए गए राजस्व का वित्तीय वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) दिनांक 31.03.2024 तक बीएसएनएल में कुल 67,340 टावर थे।

(ख) बीएसएनएल वायरलाइन पर टेलीफोन सेवाएं, 2जी, 3जी, 4जी और मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस) सहित जीएसएम मोबाइल सेवाएं, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) सहित इंटरनेट और ब्रॉडबैंड सेवाएं, वाई-फाई सेवाएं, डेटा सेंटर सेवाएं, एंटरप्राइज डेटा सेवाएं, राष्ट्रीय लंबी दूरी की सेवाएं और अंतरराष्ट्रीय लंबी दूरी की सेवाएं जैसी सभी प्रकार की दूरसंचार सेवाएं प्रदान कर रहा है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल और लैंडलाइन सेवाएं संतोषजनक ढंग से कार्य कर रही हैं और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की निष्पादन निगरानी रिपोर्ट (पीएमआर) के अनुसार सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) के अधिकांश मापदंडों को पूरा कर रही हैं।

बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2020-21 से प्रचालन लाभ अर्जित करना शुरू कर दिया है।

(ग) बीएसएनएल ने निजी दूरसंचार प्रचालकों को कुल 12,502 टावर पट्टे पर दिए हैं जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

दूरसंचार सेवा प्रदाता	**पट्टे पर दिए गए बीएसएनएल टावरों की संख्या (मार्च, 2024 तक)**
मैसर्स आरजेआईएल	8,408
मैसर्स एयरटेल	2,415
मैसर्स वोडाफोन	1,568
मैसर्स सिफी	86
राज्य सरकार पुलिस	1
फिशरीज	6
एमटीएनएल	13
मैसर्स विवानेट	5
कुल	**12,502**

(घ) निजी प्रचालक बीएसएनएल को इसके टावरों की सेवाएं लेने के लिए शुल्क का भुगतान करते हैं। बीएसएनएल के टावरों को किराए पर देने से अर्जित राजस्व का विवरण नीचे दिया गया है:

वर्ष	**राजस्व (करोड़ रू. में)**
2010-11	30.73
2011-12	67.17
2012-13	108.41
2013-14	171.22
2014-15	224.81
2015-16	337.93
2016-17	488.26
2017-18	784.87
2018-19	997.82
2019-20	1,007.86
2020-21	999.33
2021-22	1,050.42
2022-23	1,024.29
2023-24	1,055.80
कुल	**8,348.92**

******